गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कठुआ में बॉर्डर आउटपोस्ट 'विनय' का दौरा किया और वहां तैनात सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवानों के साथ संवाद किया

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सुरक्षा बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित है

## मोदी सरकार जवानों की ड्यूटी के निर्वहन में आने वाली तकलीफों को कम करने का काम कर रही है

## तकनीक से संबंधित 26 से अधिक कई पहलों के परीक्षण अभी चल रहे हैं, जिनमें ड्रोनरोधी तकनीक, टनल आइडेंटिफिकेशन तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक सर्वेलांस जैसे पहलू शामिल हैं

## BSF हमारी सुरक्षा की प्रथम पंक्ति है और बल ने इस दायित्व का हमेशा बहुत अच्छे से निर्वहन किया है

## कुछ ही वर्षों में पूरी भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सुरक्षाबल के जवान तकनीकी सहायता से लैस हो जायेंगे

## जवानों का त्याग, वीरता, बलिदान और हौंसला सीमा पार दुश्मन से भारत को हमेशा बचाते हैं और इसी कारण देश की जनता के दिलों में BSF के प्रति सम्मान का भाव है

## गृह मंत्री ने वर्ष 2019 में कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीमा सुरक्षा बल के शहीद सहायक समादेष्टा, विनय प्रसाद को श्रद्धांजलि भी अर्पित की

# श्री अमित शाह ने सीमा पर 47.22 करोड़ रुपये की लागत वाले नवनिर्मित 08 महिला बैरक, हाई मास्ट लाइटस, जी+1 टॉवर और कम्पोजिट BOP का लोकार्पण भी किया

प्रविष्टि तिथि: 07 APR 2025 6:26PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अपनी जम्मू और कश्मीर यात्रा के दौरान आजकठुआ में बॉर्डर आउटपोस्ट 'विनय' का दौरा किया और वहां तैनात सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवानों के साथ संवाद किया।इस अवसर पर जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविन्द मोहन, निदेशक, आसूचना ब्यूरो और महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने, वर्ष 2019 में कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीमा सुरक्षा बल के शहीद सहायक समादेष्टा, विनय प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2021 में जम्मू सीमान्त की सीमा चौकी मकवाल का दौरा किया था।केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमा पर नवनिर्मित 08 महिला बैरक, हाई मास्ट लाइटस, जी+1 टॉवर और कम्पोजिट BOP का लोकार्पण किया जो 47.22 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए हैं। इन पहलसे सीमा सुरक्षा बल कर्मियों की ड्यूटी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और उनके रहन सहन की सुविधाएं भी बेहतर हो गई हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जम्मू क्षेत्र की अंतराष्ट्रीय सीमा की निगरानी के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए सीमा सुरक्षा बल के जवानों और अधिकारियों की सराहना की। जवानों के साथ अपने संवाद के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि यहां आकर पता चलता है कि कितनी कठिन परिस्थितियों में सीमा सुरक्षा बल के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड, मूसलाधार बारिश या फिर 45 डिग्री तापमान में, भौगोलिक या मौसम की विषमता के बावजूद हमारे जवान तत्परता के साथ और चौकस रहकर सीमाओं की सुरक्षा में लगे रहते हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि BSF का देश की सुरक्षा के सबंध में गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि BSF हमारी सुरक्षा की प्रथम पंक्ति है और बल ने इस दायित्व का हमेशा बहुत अच्छे से निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुई हर जंग में भारतीय सेना जितना ही बड़ा योगदान BSF के हमारे जवानों का रहा है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनाती के लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्वेलांस सिस्टम के दो मॉडल बने हैं और पूरी सीमा पर इनकी तैनाती के बाद जवानों को सूचना प्राप्त करने और दुश्मन द्वारा किसी भी हरकत की स्थिति में तत्काल जवाब देने के लिए तकनीक के माध्यम से बहुत सहजता हो जाएगी। श्री शाह ने कहा कि इसके साथ ही घुसपैठ को चिन्हित करने और सुरंग को तकनीक के माध्यम से ढूंढने और नष्ट करने के लिए भी कई प्रयोग हुए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुछ ही वर्षों में पूरी भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सुरक्षाबल के जवान तकनीकी सहायता से लैस हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का त्याग, वीरता, बलिदान और हौंसला सीमापार दुश्मन से भारत को हमेशा बचाते हैं और इसी कारण देश की जनता के दिलों में BSF के प्रति सम्मान का भाव है।

श्री अमित शाह ने कहा कि तकनीक से संबंधित 26 से अधिक पहल के परीक्षण अभी चल रहे हैं, जिनमें ड्रोनरोधी तकनीक, टनल आइडेंटिफिकेशन तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक सर्वेलांस जैसे पहलू शामिल हैं। श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि इन सभी परीक्षणों में अगले मार्च तक कुछ नतीजे पर पहुंचने की संभावना है, जिससे जवानों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में कुछ आसानी हो सके।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार जवानों की ड्यूटी के निर्वहन में आने वाली तकलीफों को कम करने का प्रयास कर रही है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सुरक्षा बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित है। भारत सरकार ने

सुरक्षाबलों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है, जिनमें आयुष्मान CAPF, अनुग्रह भुगतान (EX – Gratia Payments), CAPF वेतन पैकेज योजना के तहत आकस्मिक मृत्यु बीमा कवरेज, यूनिफाईड पेंशन योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना (PMSS) और ई-आवास शामिल हैं।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2119841) आगंतुक पटल : 227

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Assamese , English , Urdu , Marathi , Gujarati , Odia , Tamil , Malayalam , Malayalam